<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>ज्योति पलोड को नेशनल फेलो आफ एनिमल प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट से सम्मानित</u>

पंतनगर। 18 जनवरी 2023। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. ज्योति पलोड को नेशनल फेलो आफ एनिमल प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर पलोड को यह सम्मान इन्डियन सोसायटी ऑफ एनिमल प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट के भुवनेश्वर में दिनांक 18 से 20 जनवरी 2023 तक आयोजित तीन दिवसीय 29वें वार्षिक सम्मेलन 'अभ्युदय' के उद्घाटन समारोह में ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भुवनेश्वर के माननीय कुलपति द्वारा प्रदान किया गया। सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्रति वर्ष पशुधन प्रबंधन में शैक्षणिक गुणवत्ता प्रसार शिक्षा तथा शोध क्षेत्र में उत्कृष्टता के आधार पर प्रदान किया जाता है। प्रोफेसर पलोड को यह सम्मान उनके द्वारा पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान एवं उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के लिए आयोजन समारोह में उपस्थित निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, एफ.एम.डी. भुवनेश्वर सहित सोसायटी के संरक्षक डॉक्टर एन. एस. शास्त्री, अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने बधाई दी। डा. पलोड को इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विधार्थियों ने बधाई दी। डा. पलोड को गत वर्ष फेलो आफ इण्डियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

अवार्ड प्राप्त करती प्रोफेसर, डा. ज्योति पलोड।

ISAPM
INDIAN SOCIETY OF ANIMAL PRODUCTION & MANAGEMENT
Dr. Jyoti Palod, Ph.D
Professor, Department of LPM, CVASc
G. B. Pant University of Agriculture
and Technology Pantnagar.
has been conferred with
National Fellow of Indian Society of Animal Production & Management (FNAPM)
in admiration of the services rendered to the discipline of Livestock Production Management and ISAPM
on 18th January, 2023
At the 29th Annual Convention of ISAPM, held at College of Veterinary Science and Animal Husbandry , OUAT , Bhubaneshwar, Odisha.
Prof. A. Sarat Chandra
Secretary General
Prof. K. Sarjan Reddy
President